संख्या– 136 / 44 / XXVI-A-1 / 2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग देहरादून, दिनांकः 09 अप्रैल, 2025

विषयः– कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा तैयार की गयी "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तक में उल्लिखित भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थाओं, में विद्यार्थियों / शोधार्थियों का भ्रमण कराये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 मंत्री डा0 धन सिंह रावत के अर्धशा0 पत्र सं0 448 / मंत्री / उ.शि. / वि.शि. / 2025, दिनांक 10.03.2025, अर्धशा0 पत्र सं0 449 / मंत्री / उ.शि. / वि.शि. / 2025, दिनांक 10.03.2025, अर्धशा0 पत्र सं0 450 / मंत्री / उ.शि. / वि.शि. / 2025, दिनांक 10.03.2025 तथा मा0 मंत्री श्री सुबोध उनियाल के पत्र सं0 0169 / मंत्री / वी.आई.पी. / 2025, दिनांक 17.03.2025, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से, मा0 मंत्रीगणों द्वारा राज्य के समस्त विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों (संस्कृत सहित), तकनीकी पॉलटैक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, प्रशिक्षणार्थियों, शोधार्थियों को, केन्द्र सरकार के राज्य में स्थापित 82 प्रतिष्ठित संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, कार्यालयों में शैक्षिक भ्रमण कराये जाने हेतु, शैक्षिक भ्रमण की रूपरेखा / रोस्टर निर्धारण की कार्यवाही करते हुए अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

2. उल्लेखनीय है कि केन्द्र के उत्तराखण्ड में स्थापित 82 प्रतिष्ठित संस्थाओं / कार्यालयों यथा– IIT, IIM, IPU, IIRS, CBRI, CIPET, IIM, STPI, NIESBUD, NIM, NIEPVED, IVRI, ARIES, WLII, WIHG, NIH, DCFR, IISWC, LBSNA, ITBP, BIAAT, IMA, SSB, ONGC, BSNL, SEBI, SIDBI, RBI, GSI, SOI, AnSI, ASI, BSI, ZSI, FSI, BIS, etc. की समस्त योजनाओं / सेवाओं, कार्यकलापों व पाठ्यक्रमों का "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तक में सविस्तार से उल्लेख किया गया है, जिसकी पीडीएफ प्रति उत्तराखण्ड सरकार के पोर्टल https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book के लिंक में उपलब्ध है। इस पुस्तक में यह स्पष्ट लिखा है कि कैसे कोई भी व्यक्ति या विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी, शैक्षिक भ्रमण हेतु जा सकते हैं। भ्रमण की प्रक्रिया को लिखने का मूल उदेश्य यह था कि मुख्यतः राज्य के विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इन संस्थाओं के ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी और आधुनिकता से जोडा जाए साथ ही इन संस्थाओं द्वारा देश निर्माण में दिये जा रहे असीम योगदान से रूबरू कराया जाये ताकि विद्यार्थियों, शोधार्थियों में भी बडे सपने विकसित हो सकें। मा0 मंत्री डा0 धन सिंह रावत महोदय द्वारा अपने पत्रों में स्पष्ट उल्लिखित किया है कि "डा0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कहते थे कि हमारे देश की सबसे बडी ताकत है एक युवा जनसंख्या, एवं सबसे बडी कमजोरी है युवा जनसंख्या के पास बडे सपने न होना" यह कमजोरी, इन 82 प्रतिष्ठित संस्थाओं में भ्रमण करवाकर, उन्हें यह माहौल देकर खत्म करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

अतः उक्त संबंध में मुझे यह अनुरोध करने का निदेश हुआ है कि कृपया संबंधित 82 प्रतिष्ठित संस्थाओं / कार्यालयों में विद्यार्थियों / शोधार्थियों का भ्रमण कराये जाने हेतु नियमानुसार व्यवस्था एवं रोस्टर निर्धारित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें एवं संस्थाओं के साथ यदि समन्वय करने में सहयोग की आवश्यकता हो तो, तत्संबंध में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को ईमेल–sopi-1@uk.gov.in करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
सचिव।

D:\RANJANA\MERI YOJNA BOOK-2\MERI YOJNA-book file\uo letter.doc

O/C

पृष्ठांकन :– 136 / 44 / XXVI-A-1 / 2024 तददिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य निजी सचिव–मा0 मुख्यमंत्रीजी, मा0 मुख्यमंत्री महोदय के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।
2. निजी सचिव–मा0 मंत्री डा0 धन सिंह रावत, को मा0 मंत्रीजी के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।
3. निजी सचिव–मा0 मंत्री श्री सुबोध उनियाल, को मा0 मंत्रीजी के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।
4. मुख्य निजी सचिव–मुख्य सचिव महोदय, मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ, उत्तराखण्ड।
5. समस्त विभागाध्यक्ष / प्रमुख, भारत सरकार के राज्य में स्थापित प्रतिष्ठित 82 संस्थान, जिनका उल्लेख "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तक में किया है, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आपके संस्थाओं / कार्यालयों, में उत्तराखण्ड राज्य के विद्यार्थी / शोधार्थी, शिक्षार्थी, शैक्षिक–भ्रमण करने आयें तो कृपया अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। यह आपके संस्थाओं, कार्यालयों के लिए भी एक सुअवसर होगा जब आप ज्ञान, विज्ञान एवं आधुनिक तकनीकी को लैब से लैंड में पहुंचा रहे होंगे।

आज्ञा से,

(एन0एस0डुंगरियाल)
संयुक्त सचिव।

O/C

D:\RANJANA\MERI YOJNA BOOK-2\MERI YOJNA-book file\uo letter.doc